**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 15-12-2005**

**Participants : Singh Smt. Pratibha**

>

Title : Need to provide special economic package to the Government of Himachal Pradesh to compensate recurring losses due to ban imposed on cutting green trees in the State.

**श्रीमती प्रतिभा सिंह (मंडी)** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश की वन सम्पदा की ओर दिलाना चाहती हूं जिसका अनुमानित मूल्य ( प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभों सहित ) लगभग एक लाख करोड़ रूपए आंका गया है। इतनी बड़ी सम्पदा उपलब्ध होने के बावजूद, पश्चिमी हिमालयन क्षेत्र की संवेदनशीलता और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने राट्र हित में हरे वृक्षों के कटान पर रोक लगा रखी है, जिससे प्रदेश में हरे वृक्षों का व्यावसायिक कटान पूर्णरूप से बंद है। इससे हिमाचल प्रदेश को प्रति वर्ा करोड़ों रूपए की क्षति हो रही है, लेकिन केन्द्र सरकार ने उसकी भरपाई हेतु कोई प्रयास नहीं किए हैं। मेरा आग्रह है कि हिमाचल प्रदेश, जो राट्रहित में अपने हितों की कुर्बानी दे रहा है, वृक्षों के कटान पर रोक के कारण हो रही क्षति की पूर्ति के लिए उसे तत्काल 250 करोड़ रूपए प्रति वर्ा विशो आर्थिक सहायता दी जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri S.K. Kharventhan.

Shri A. Sai Prathap.